संकल्प यात्रा | पीएम मोदी का वर्चुअल उद्बोधन, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी हुए शामिल

सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़



नवभारत, जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन और सरकार के मुखिया के रूप में 25 साल पूरे करने पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता ने हमेशा उन्हें जनसेवा के लिए चुना है। उन्होंने इससे पूर्व आज सुबह श्रीविनायक मंदिर में दर्शन कर 140 करोड़ देशवासियों के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के जरिए उन्होंने 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज सुबह 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। यात्रा में चारों विधानसभा के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित आमजन शामिल हुए। आयोजन के उपरांत सेवा ज्योति यात्रा सेवा का संकल्प लेकर शहर की चारों विधानसभा में पहुंचेगी। अब यह यात्रा विधानसभा स्तर पर निकाली जाएगी।

ये रहे उपस्थित

सेवा ज्योति यात्रा के मुख्य कार्यक्रम में लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष रजेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, एमआईसी डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलास साहू, सुधांशु गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, नितिन भाटिया, रंजीत पटेल, जय रोहाणी सहित समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

दमखम दिखाने की होड़

कार्यक्रम में पहुंचे समर्थकों के हुजूम दिखाने की होड़ भी देखी गई। प्रधानमंत्री के जयघोष के साथ अपने-अपने दलों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इसके पूर्व आयोजन को भव्य बनाने एक दिन पूर्व से ही तैयारियां की जा रहीं थीं। कार्यकर्ता लगातार कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे थे। सुबह से ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी संख्या में पहुंचे।

एंजाइम तकनीक में छिपी हैं उद्योग और रोजगार की नई संभावनाएं



एंजाइम टेक्नोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

नवभारत, जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा सेंटर फॉर मेडिकल माइकोलॉजी एवं महाकौशल विज्ञान परिषद के सहयोग से एंजाइम टेक्नोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे रहे, जबकि सारस्वत अतिथि के रूप में महाकौशल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस.पी. गौतम उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कहा कि एंजाइम टेक्नोलॉजी विज्ञान और उद्योग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि निर्माण एवं पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों से अपने शोध को प्रयोगशाला तक सीमित न रखते हुए उसके व्यावसायिक एवं सामाजिक उपयोग की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महाकौशल विज्ञान परिषद के सचिव इंजी. प्रभात दुबे, आयोजन सचिव जितेंद्र नवांगे एवं डॉ. आभा तिवारी सहित विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अनिल गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष आरएंडडी, लुपिन, नई दिल्ली तथा प्रो. नवीन कांगो, विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञों ने एंजाइमों के औद्योगिक उत्पादन, अनुसंधान, अनुप्रयोग एवं व्यावसायिक संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों से आए प्रतिभागियों द्वारा शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। इसमें छात्राओं एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए तथा विशेषज्ञों के साथ विषयगत संवाद किया। संगोष्ठी में डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. अनीता कौशल, डॉ. रश्मि सिंगरौरे, डॉ. तिलोत्तमा चौधरी, डॉ. मनीष राठी, डॉ. श्वेता चौबे, डॉ. अर्जुन शुक्ला, डॉ. सुधीर चंदेल, डॉ. श्रद्धा खापरे, डॉ. गरिमा मिश्रा, डॉ. प्रतिमा भगत, रामनरेश साकेत, अमृता जाधव एवं शिवानी दुबे का विशेष सहयोग रहा।

पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग



नवभारत, जबलपुर। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकारों पर दर्ज होने वाले झूठे व दुर्भावनापूर्ण मामलों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने, अधिमान्यता नियम सरल करने तथा पत्रकारों को 10 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता व पेंशन योजना का लाभ देने की मांग की गई। इसके अलावा पत्रकारों व उनके परिवारों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, 5 लाख रुपए तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, रियायती दरों पर आवासीय भूखंड, पत्रकार भवन, छोटे-मध्यम समाचार पत्रों के लंबित विज्ञापन भुगतान, टोल व यात्रा में छूट तथा महिला पत्रकारों की सुरक्षा की मांग भी रखी गई। परिषद ने कहा कि पत्रकार विषम परिस्थितियों में समाज और शासन के बीच सेतु का काम करते हुए जनसमस्याओं को सामने लाते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थायित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा विषय है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश सचिव कमलेश गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य उमेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, महासचिव संजय मिश्रा, संगठन सचिव अनुराग दीक्षित, सदस्यता प्रभारी शिव कुमार चौरसिया, जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा, संगठन महासचिव नरेंद्र जायसवाल, जिला महासचिव घनश्याम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नीरज यादव, राहुल जैन, नितिन गौतम, जिला सचिव धर्मेंद्र असरानी, शिव कुमार कनोजिया, जिला सह सचिव सौरभ द्विवेदी, मनीष शुक्ला, संजय सेन, नीरज जैन, सतीश अग्रवाल, अनिल शुक्ला, सुरेश कामले सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

जूडो में भोपाल आगे गतका में इंदौर का दबदबा

नवभारत, जबलपुर। 70वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूडो में भोपाल संभाग और गतका में इंदौर संभाग का दबदबा रहा। 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता के तहत जूडो 14 वर्ष बालक 45 किलो में ग्वालियर के मनीष, 50 किलो में भोपाल के रोनव और 50 प्लस किलो में भोपाल के पुष्पेंद्र विजेता रहे। बालिका वर्ग में 40 किलो में भोपाल की रोली, 44 किलो में भोपाल की समृद्धि और 44 प्लस किलो में भोपाल की वानी ने पहला स्थान हासिल किया। गतका 17 वर्ष बालक सिंगल सोटी टीम वर्ग में इंदौर के कृष्ण सिंह, धैर्य नागर व भव्य नामदेव की टीम प्रथम, ग्वालियर की टीम द्वितीय और जबलपुर के जसराज सिंह, मानवीर सिंह व इथप्रीत सिंह की टीम तृतीय रही। फरी सोटी टीम में इंदौर के तनवीर सिंह, गुरमन सिंह व यथार्थ चौहान प्रथम, जबलपुर के हरप्रीत सिंह, अर्मित सिंह व मनवीर सिंह द्वितीय और भोपाल के रोहित गांगले, राजवीर सिंह व जसकीरत सिंह तृतीय रहे। जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे ने बताया कि प्रतियोगिता में 9 संभागों से करीब 700 खिलाड़ी और ऑफिशियल्स शामिल हो रहे हैं।

जूडो प्रतियोगिताएं एमएलबी स्कूल परिसर तथा गतका दशमेश हाल मदनमहल में हो रहा है, जबकि खिलाड़ियों के ठहरने के लिए 15 शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में व्यवस्था की गई है और आवागमन के लिए 28 बसें लगाई गई हैं। प्रतियोगिता का समापन 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे एमएलबी खेल परिसर में होगा। आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे, लोकशिक्षण भोपाल के ऑब्जर्वर डीएस धुर्वे, मनोज दुबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, जूडो कोच आबिद खान, अजय रजक, अमनदीप सिंह, मीनूकांत शर्मा, चंद्रभान शिल्पकार, सारिका सिंह, सुधीर अवधिया, दिनेश सिंह, प्रियंका खरे और चंद्रशेखर स्वामी सहित अन्य मौजूद रहे।

लेपचा एफसी ने यूनाइटेड क्लब को दी शिकस्त

जबलपुर नवभारत। जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित जूनियर डिवीजन सुरेन्द्र जयसवाल स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता में एलके यूनाइटेड एवं लेपचा एफसी के बीच मैच खेला गया। मैच शुरू होते ही लेपचा दबाव बनाना शुरू किया और 25वें मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। एक गोल से पिछड़ने के बाद एलके यूनाइटेड ने कुछेक अच्छे आक्रमण किए, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक लेपचा 1-0 आगे रही। मध्यांतर के पश्चात 78वें मिनट में लेपचा ने दूसरा गोल कर 2-0 से जीत हासिल की

खेल एवं युवा एफसी की संघर्षपूर्ण जीत-रमेश चौकसे स्मृति फुटबॉल सीनियर डिवीजन प्रतियोगिता में साईं एफसी एवं खेल एवं युवा एफसी के बीच मैच खेला गया। खेल शुरू होते ही दोनों टीमें गोल करने का प्रयास करती रही, परन्तु असफल रही। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर रहीं। मध्यांतर के पश्चात खेल एवं युवा एफसी ने रणनीति बदल कर खेलना शुरू किया और 70वें मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल की। इसके बाद साईं एफसी ने कई बार गोल करने का प्रयास किया, परन्तु सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर 82वें मिनट में खेल युवा एफसी ने दूसरा गोल कर 2-0 से विजय जीत हासिल की।

छात्रों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, तंबाखू के दुष्परिणामों को जाना



नवभारत, जबलपुर। केन्टोनमेंट माध्यमिक हा. से. स्कूल कटंगा में नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र नर्मदा नगर द्वारा महनिषेद्य सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्ति परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रभारी हेमंत सोलंकी द्वारा छात्र-छात्राओं को तंबाखू से निर्मित उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारी मुख कैंसर, दांतों का खराब होना, मुख की आंतरिक त्वचा का सख्त होना आदि शारीरिक दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। डॉ. सरकार द्वारा मादक पदार्थों, शराब एवं अन्य व्यसनों से होने वाली शारीरिक व आर्थिक हानि के बारे में अवगत कराया। शाला प्राचार्य सुनीता चौहान द्वारा सभी बच्चों के नशा मुक्ति एवं नशामुक्त भारत अभियान के बारे में बताया एवं सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, उत्तम रैकवार, नारायण प्रसाद, नीरज रजक स्कूल प्राचार्य सुनीता चौहान एवं स्कूल के अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति रही।



श्रद्धालुओं का दल चारधाम यात्रा पर रवाना

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी से 51 श्रद्धालुओं का एक विशाल समूह देवभूमि उत्तराखंड के पावन चारधाम की यात्रा पर रवाना हुआ है। चारधाम यात्रा में मुख्य रूप से अरविंद शर्मा, सुरेश पाठक, किंकर पाठक, एम.पी. दुबे, मनसुख लाल मिश्रा, अरुणा शर्मा, रचना सक्सेना, सुदामा ठाकुर, सुमन ठाकुर, सुरेखा, शकुन, नारायण पटेल और राम सरोज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पहुँच कर पूर्व पार्षद ठाणेश्वर महावर, राजेंद्र तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, मूरत ठाकुर, लेखराम, राज कनोजिया, राजेश चौबे, सुरेंद्र तिवारी एवं राकेश यादव ने सभी तीर्थ यात्रियों का पुष्प माला से स्वागत किया। यह आध्यात्मिक यात्रा सुप्रसिद्ध कथा व्यास रूपनारायण शास्त्री, आचार्य शिवकुमार और आचार्य हिमांशु के पावन संरक्षण एवं कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। श्रद्धालुओं का यह दल यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, श्री बद्रीविशाल के साथ-साथ ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे अत्यंत पवित्र पौराणिक स्थलों का दर्शन लाभ प्राप्त कर रहा है।

10 अक्टूबर को होगी वापसी

धार्मिक उत्साह और जयकारों के बीच यह दल जबलपुर से देवभूमि के लिए रवाना हुआ था। सभी तीर्थयात्री चारों धामों में पूजा-अर्चना और दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। यात्रा का समापन कर इस पूरे दल की वापसी 10 अक्टूबर को संस्कारधानी जबलपुर होगी। सभी यात्रियों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है।

बैनर पोस्टर से दी मासिक धर्म की जानकारी, छात्राओं को किया जागरूक

नवभारत, जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के मानव विकास विभाग द्वारा बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकुमारी बाई अनाथालय की छात्राओं द्वारा मासिक धर्म चक्र को समझना, अपने चक्र को जानें, अपने शरीर को जानें विषय पर पोस्टर के माध्यम से युवतियों को जागरूक किया गया। पोस्टर के माध्यम से मासिक धर्म से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रबंधन, आत्म जागरूकता और आत्मा प्रेम को विकसित करना था। सेवा गतिविधि कार्यक्रम में कुल 32 छात्राएं उपस्थित रहीं।

उज्जैन में हनुमान मंदिर को सुरक्षित रखने बजरंग दल ने उठाई आवाज

मंदिर के पुर्ननिर्माण के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन



नवभारत, जबलपुर। उज्जैन स्थित प्राचीन श्री खड़े हनुमान मंदिर को यथास्थान सुरक्षित रखने, मंदिर के क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण कराने तथा मंदिर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की किसी भी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल, महाकौशल प्रांत द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में शासन-प्रशासन से मांग की कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों एवं विकास कार्यों के साथ-साथ उज्जैन के प्राचीन धार्मिक स्थलों और हिन्दू समाज की आस्था का भी संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान महाकौशल प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन विकास कार्यों का विरोधी नहीं है, लेकिन विकास के नाम पर प्राचीन धार्मिक आस्था के केंद्र को हटाना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि श्री खड़े हनुमान जी का मंदिर अपने मूल स्थान पर ही सुरक्षित रहना चाहिए तथा मंदिर के क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण कराया जाना चाहिए।

प्रतिमा और मंदिर यथावत रखने की मांग

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को यथास्थान रखा जाए, मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार एवं शिखर का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा मंदिर को अन्यत्र स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को निरस्त किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मंदिर को हटाने अथवा स्थानांतरित करने की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाती है तो अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल हनुमान भक्तों एवं हिन्दू समाज के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जन-जागरण प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान महाकौशल प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर, विभाग महामंत्री अमित उपाध्याय, विभाग मंत्री सोनू श्रीवास्तव, भैया जिला अध्यक्ष छोटू शर्मा, ऋषभ यादव, चंचल रजक, यशी लोधी, राहुल माहवार, अभिषेक जयसवाल, दीपक राजपूत, अभिलाष सोनी, तरुण नागिया, पवन सिंह, साहिल यादव, अंकित सोनी, अमित प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला | चित्रकार की कार्य शैली एवं उनकी तकनीकों का छात्रों को मिला ज्ञान

सेवा संकल्प अभियान में दिया चित्रकारी प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं शासकीय ललित कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में दस दिवसीय सेवा संकल्प अभियान, सेवा संस्कृति और संकल्प प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसी क्रम में बुधवार को द्वितीय चरण के तीसरे दिवस पर प्रख्यात चित्रकार विम्मी इंद्रा, दिल्ली आमंत्रित कलाकार की उपस्थिति रही जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी जनसेवा एवं जन सपंर्क अभियान चलाया जा रहा है।



इसी कड़ी में मध्य प्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया। इसके माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आमंत्रित चित्रकार की कार्य शैली एवं उनकी तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से उनकी कला शैली देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को नित नवीन जानकारी प्राप्त होती है एवं ऐसे आयोजनों से भारत सरकार कि विभिन्न योजनाओं को देखने का अवसर प्राप्त होता है।

वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

इस अवसर पर नरेन्द वर्मा पूर्व पार्षद ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि लोक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य में विद्यार्थियों को अपनी कला अभिव्यक्ति स्वच्छता पर्यावरण जल संरक्षण समाजिक कल्याण योजनाओं को चित्रों के माध्यम से चित्रित कर विकसित भारत 2047 के विजन को जन जन तक पहुचानें अपनी अहम भूमिका का निर्वाहन करना चाहिये। इस अवसर आमंत्रित चित्रकार विम्मी इंदा ने अपनी कला को उपस्थित विधार्थियों के मध्य चित्रित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया एवं कला से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। कार्यक्रम में बृजमोहन आर्य, डॉ. प्रणव भट्ट, संजय प्रजापति, विकास चौरसिया, डॉ अर्चना साहू, ऋतुराज श्रीवास्तव, सोमेश सोनी एवं अनूप नामदेव, शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नर्मदा तट पर वृहद पौधरोपण

नवभारत, जबलपुर। समरसता सेवा संगठन के सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत लम्हेटाघाट के समीप घुघरा जल प्रताप स्थित समरसता भृगु औषधीय वाटिका में 9 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे वृहद पौधरोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि जनप्रतिनिधियों सहित सर्व समाज की सहभागिता रहेगी। संगठन अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि संगठन के चौथे वर्ष के कैलेंडर में सेवा कार्यों के साथ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी गई है। इसी के तहत औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। संगठन ने बताया कि नर्मदा तट पर लगातार चौथे वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है। संस्थापक अध्यक्ष संदीप जैन, अध्यक्ष पवन पांडे और सचिव मनोज सेठ ने सर्व समाज से कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13(2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री हजरत खान श्रीमती नशरीन बी हजरत खान (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल1019902)	08-सितंबर-2026, रुपये 620131/- (रु. छह लाख बीस हजार एक सौ इकतीस मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: संपत्ति खसरा संख्या 12 में स्थित, ग्राम काटी, पीएच नं. 48, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश 487118. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 467.

यदि उक्त देनदार आईआईएफएल एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, ब्रांच आफिस -225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, चन्द्रिका टॉवर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001/या कार्पोरेट ऑफिस: आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 8.10.2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.